प्रकाशनार्थ

आयुष्मान भारत योजना के तहत निजी अस्पतालों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

पूर्णिया, 04 सितम्बर 2025. आज बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति (BSSS) एवं सेंटर फॉर हेल्थ पॉलिसी - आद्री (CHP-ADRI) के संयुक्त तत्वावधान में पूर्णिया में निजी सूचीबद्ध अस्पतालों के लिए "एंटी-फ्रॉड एवं क्वालिटी डॉक्यूमेंटेशन" पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पूर्णिया, अररिया, कटिहार, किशनगंज, मधेपुरा सहरसा एवं सुपौल जिलों के निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि, वरिष्ठ चिकित्सक एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) के तहत धोखाधड़ी निरोधक उपायों को मजबूत करना, गुणवत्ता दस्तावेजीकरण को सुदृढ़ करना तथा स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट गाइडलाइंस एवं हेल्थ बेनिफिट पैकेज के अनुपालन को सुनिश्चित करना था। कार्यशाला की शुरुआत डॉ. आलोक रंजन, निदेशक - ऑपरेशन, BSSS द्वारा स्वागत भाषण एवं उद्देश्य प्रस्तुति के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ० प्रमोद कुमार कन्नौजिया, सिविल सर्जन, पूर्णिया उपस्थित थे। इसके पश्चात कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे श्री शैलेश चंद्र दिवाकर, प्रशासनिक पदाधिकारी, BSSS ने एंटी-फ्रॉड पर मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों को धोखाधड़ी की रोकथाम हेतु आवश्यक कदमों से अवगत कराया। कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में डॉ. गुरिंदर रंधावा, कंसल्टेंट, CHP-ADRI एवं डॉ. आलोक रंजन द्वारा धोखाधड़ी की रोकथाम, गुणवत्ता दस्तावेजीकरण, केस स्टडीज तथा डॉ. नीरज कुमार सिंह, निदेशक - हेल्थकेयर, BSSS एवं श्री सत्येन्द्र कुमार, CHP-ADRI द्वारा स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट गाइडलाइंस एवं हेल्थ बेनिफिट पैकेज पर प्रोटोकॉल अनुपालन विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों को रियल-टाइम रिपोर्टिंग हेतु IHIP पोर्टल के उपयोग पर जिला IDSP सेल एवं ADRI टीम ने जागरूक कराया। अंतिम चरण में प्रतिभागियों ने फोकस ग्रुप डिस्कशन (FGD) के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी चुनौतियों एवं समाधान पर सुझाव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन ADRI टीम द्वारा किया गया। कार्यशाला के अंत में डॉ० सूरज शंकर, टीम लीड, सेंटर फॉर हेल्थ पॉलिसी - आद्री (CHP-ADRI) ने प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्राप्त सुझाव योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं धोखाधड़ी निरोधक उपायों को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर जिला क्रियान्वयन इकाईयां के रुप में पूर्णिया, अररिया, कटिहार, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा एवं सुपौल जिलों के डीपीसी एवं आद्री टीम की ओर से इन्द्रजीत गोस्वामी, दिलीप, संजीव, पवन एवं अन्य उपस्थित रहे।

(सूरज शंकर)